# दूधवा नदी में अवैध खनन के चलते हो रही हरे पेड़ों की कटाई

## प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के दूधवा नदी में अवैध खनन के चलते हरे पेडों की कटाई बैखौफ होकर की जा रही है। नदी में खनन को रोकने के लिए लगाई पुलिस की अस्थाई चौकी के बाद भी नदी क्षेत्र में धडल्ले से बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है।

नदी में बजरी का खनन व हरे पेडों की कटाई बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार मुद्दा उठा चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा खनन माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण सरेआम बजरी का खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने नदी में खनन को रोकने के लिए मुख्य सचिव उषा शर्मा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान भी मुद्दा उठाया था। जिस पर मुख्य सचिव ने स्थानिय प्रशासन को आमजन की समस्याओं को तत्परता से सुनकर उनका तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए थे। दूधवा के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत दूधवा नांगलिया के पास से गुजर रही दोहान नदी में रोक के बावजूद भी भारी मात्रा में अवैध रूप से बजरी का खनन कर हरे पेडों की कटाई की जा रही है। आए दिन हो रही हरे पेडों की कटाई व अवैध खनन के कारण प्राकृतिक व पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, जिसको लेकर ग्रामीण पूर्व में भी कई बार शिकायत व धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। अवैध खनन को रोकने व हरे पेडों की कटाई पर लगाम लगाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा न्यायालय में जनहित याचिका भी लगाई गई थी। नदी में खनन माफिया अवैध रूप से हजारों की संख्या में हरे पेडों की बलि चढा चुके हैं, नदी में भारी मात्रा में जंगलात के रूप में खडे पेड़ों की संख्या है, जो खनन माफियाओं द्वारा बजरी निकालने को लेकर नष्ट किए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भूख हड़ताल व धरना प्रदर्शन भी किया गया था। जिस पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार, एसडीएम, माइनिंग विभाग, वन विभाग के द्वारा कमेटी भी बनाई गई थी। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर अवैध खनन व पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने को लेकर स्थाई चौकी लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन नदी में अभी तक अवैध खनन जारी है तथा रोजाना सैकड़ों पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। खनन माफिया दिन रात अपनी मशीनों से बजरी निकाल रहे हैं, लेकिन अभी तक प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की वजह से अवैध खनन का धंधा बेलगाम चल रहा है।



खेतड़ी उपखंड के दूधवा नदी क्षेत्र में खनन माफियाओं ने खनन कर सौ फीट तक गहरे गड्ढे कर दिए।

- नदी में खनन रोकने के लिए लगाई पुलिस चौकी के बाद भी धड़ल्ले से हो रहा है बजरी का अवैध खनन

ग्रामीण नेतराम ने बताया कि नदी में खनन माफियाओं ने खनन कर सौ फीट तक गहरे गड्ढे कर दिए। नदी क्षेत्र हरियाणा की सीमा पर स्थित होने के कारण खनन माफिया रात को नदी में मशीनें उतारकर धड़ल्ले से खनन करते है। ग्रामीणजन अवैध खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन के अलावा जिला कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं। प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं तथा भारी मात्रा में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

इस संबंध में तहसीलदार विवेक कटारिया ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा अवैध खनन की सूचना मिली है। प्रशासन की ओर से जल्द ही प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी प्रशासन ने कार्यवाही कर अवैध खनन बंद करवा दिया था।

# सड़क हादसों में दस जने घायल, दो जयपुर रैफर



राजकीय बगड़िया अस्पताल में घायलों का चिकित्सकों ने उपचार किया।

- इयारां गांव के समीप कार व बाईक में टक्कर में दो गंभीर घायल
- वहीं हिरण को बचाने के चक्कर में बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी खाई

**सुजानगढ़, (कासं)।** शनिवार को क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में 10 जने घायल हो गये। इनमें से दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इयारां गांव के समीप कार व बाईक में टक्कर हो गयी। जिस हादसे में राजू व प्रेमाराम के गंभीर चोट आई। हादसे के बाद घायलों को कुलदीप सिंह राठौड़ ने अपनी निजी कार से राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुंचाया और उपचार किया। जिसके बाद दोनों घायलों का चिकित्सकों ने उपचार कर जयपुर रैफर कर दिया। हादसे की सूचना पर साण्डवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की।

दूसरी और देवाणी गांव के पास भंसाली टी.टी कॉलेज के पास हिरण को बचाने के चक्कर में बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गयी। जिससे कार में सवार दस जनों के चोटें आई। घायलों ने बताया कि वे सालासर बालाजी के दर्शनों के लिये जा रहे थे। अचानक हिरण के आ जाने से कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। घायलों को 108 एम्बुलेंस के चालक मनोहर सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जंहा पर घायलों का डॉ. रविन्द्र भामूं, डॉ. विजय बगडिया, डॉ. रघुवीर तुनवाल व चिकित्सा कर्मियों ने उपचार किया। घायलों की नवरत्न बिजारणियां, भरत नाई, कुलदीप सिंह राठौड़, मनोज प्रजापत, भूराराम ने मदद की।

# कृषि भूमि पर अवैध रुप से संचालित प्लांट के विरोध में धरना जारी

**सांचौर, (निसं)।** जालोर जिले के सांचौर उपखंड क्षेत्र में नियमों को ताक में रखकर क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत कार्य करने वाली एम के सी इन्फ्रास्ट्रक्चर ने लाछड़ी और कारोला में अपना प्लांट लगाकर अपनी मशीनरी, कंक्रीट, प्लांट का कार्य चालू है मगर प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। इतना ही नहीं कृषि भूमि पर बिना प्रशासनिक स्वीकृति व भू-रूपांतरण कराए प्लांट लगा दिए हैं। इसको लेकर शनिवार को छठे दिन भी धरना जारी है।

- कृषि भूमि पर पिछले डेढ़ वर्ष से 2 प्लांट चल रहे अवैध, करोड़ों का राजस्व नुकसान



लाछड़ी में अवैध रुप से संचालित प्लांट के विरोध में धरना जारी है।

जानकारी के अनुसार भारतमाला परियोजना एक महत्वकांक्षी योजना होने से कई फायदे भी होंगे मगर इस पर कार्य करने वाली कंपनी ने अपना प्लांट को हाईटेंशन लाइन के नीचे ही लगाकर सारे नियम कायदे को ताक में रखा। वहीं प्लांट में काम करने वालो लेबरों को अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य को करना होगा। यह प्लांट पिछले 6 माह से चल रहा जिसको लेकर हल्का पटवारी ने नोटिस भी दिया मगर हजार करोड़ का काम करने वाली कम्पनी छोटे कर्मचारियों के नोटिस की अनदेखी कर ली हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में भी कृषि व आवासीय भूमि पर बिना भूमि रूपांतरण करवाए प्लांट लगे हुए हैं। ऐसे में सरकार को राजस्व नुकसान हो रहा है। जबकि, ग्रामीण क्षेत्र में प्लांट लगाने के लिए ग्राम पंचायत से अनुमति लेनी होती है। लेकिन ग्राम पंचायतों की अनेदखी से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि, राजस्व विभाग ने 2012 में संभागीय आयुक्त, जिला कलैक्टर, उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार को परिपत्र जारी किया था। जिसके तहत राजस्थान भू-राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन) नियम 2007 के अन्तर्गत प्राप्त संपरिवर्तन प्रभारों को ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरण की प्रक्रिया करने का प्रावधान है। इन नियमों की अधीन राजस्व मद में जमा होने वाले संपरिवर्तन प्रभारों की शत-प्रतिशत राशि, वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरिक किए जाने का प्रावधान किया गया है। लाछड़ी में प्लांट बने हुए हैं जो 132 केवी लाईन के नीचे कार्य व गोदाम कंक्रीट स्टॉक की जा रही हैं न तो विधुत विभाग जिम्मेदार है न ही प्रशासन सड़क से 5.5 मीटर ऊंचे हो सडक से गुजर रहे तार पर गार्डिंग अनिवार्य है।

मांगीलाल बिश्नोई हल्का पटवारी का कहना है कि लाछडी भारतमाला परियोजना के तहत कंपनी का प्लांट बना हुआ है जो नेम खान की 4 .77हैक्टेयर हैं और खेत के अंदर से हाईटेंशन लाइन जा रही हैं। जहां पर वाणिज्य कार्य होने पर राजस्व विभाग द्वारा नोटिस दिया गया हैं। मगर नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया है। इसको लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत भी करवा दिया गया है।

रविकुमार, उपखण्ड अधिकारी का कहना है कि भारतमाला परियोजना के तहत होने वाले कार्य कंपनी का प्लांट को लेकर आज धरना देने वालों ने ज्ञापन दिया है जिसकी जांच करवाता हूं। भू किस्म परिवर्तन क्यों नही की यदि ऐसे चल रहा है नियम के विरुद्ध है।

एडवोकेट सदाराम बिश्नोई का कहना है कि भारतमाला परियोजना के तहत काम करने वाली कंपनी पिछले डेढ वर्ष हो गया। हाडेतर ग्राम पंचायत के लाछडी और कारोला में बिना कोई भूमि किस्म परिवर्तन किए चल रहा है जिससें करोड़ों रुपयों का राजस्व घाटा हो रहा है। जिसकी जांच करवाकर नियमअनुसार करवाई की जावे।

## हिण्डौन के महेश को सेना मेडल मिला

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** भारतीय सेना की 55 आरआर ग्रेनेडिर्य रेजिमेंट में अपनी सेवाएं दे रहे हिण्डौन के गांव बरागमा निवासी महेश चंद जाट को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेना मेडल से नवाजा गया है।

समीप के गांव बरगमा निवासी महेश चंद जाट भारतीय सेना की 55 आर आर ग्रेनेडिर्य रेजिमेंट में नायक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके शौर्य, वीरता और पराक्रम के लिए गत दिवस 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के जवानों को दिए जा रहे पुरस्कारों की सूची में उनके नाम को शामिल किया। उन्होंने भारत की सीमा पर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाते हुए आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में पराक्रम दिखाया था। जिसके लिए उन्हें यह मेडल प्रदान किया गया है। भारतीय सेना के जवान जाट को दिया गया यह सेना मेडल क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा और देशभक्ति की भावना जागृत करने का भी काम करेगा।

# ड्रेस नहीं बदलने से ग्राहक और दुकान स्टाफ के बीच विवाद हुआ, चार जने घायल

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के सरदारपुरा थाना क्षेत्र के बी रोड स्थित कपड़े की दुकान में शुक्रवार शाम ग्राहक और दुकान स्टाफ के बीच विवाद हो गया। विवाद ने झगड़े का रूप ले लिया। इसके बाद शोरूम के अंदर और बाहर दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। जिसमें 4 लोगों को चोट आई। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामला थाने में दर्ज हुआ है। इस विवाद को लेकर शनिवार को सरदारपुरा थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज करवाया है।

- शोरूम के बाहर मारपीट में जमकर लात-घूंसे चले
- वीडियो वायरल होने के बाद मामला थाने में दर्ज हुआ

सरदारपुरा थाना इंचार्ज सोमकरण ने बताया कि शहर के सरदारपुरा थाना इलाके के बी-रोड स्थित मन्नत कलेक्शन के नाम के कपड़े के शोरूम पर 26 जनवरी की शाम एक लड़की ड्रेस लेकर पहुंची थी। वह उस ड्रेस को चेंज करवाना चाहती थी। लड़की का कहना था कि ड्रेस की फिटिंग सही नहीं है। ड्रेस की सिलाई को लेकर शोरूम के स्टाफ से लड़की की बहस हो गई। इसके बाद शोरूम वालों ने ड्रेस को बदलने से इनकार कर दिया। युवती के साथ आए सफेद जैकेट पहने युवक ने काउंटर पर बैठे शोरूम मालिक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद शोरूम के स्टाफ ने भागकर उसे रोका और पीट दिया।

बताया जाता है कि युवती और शोरूम स्टाफ की बीच बहस जब ज्यादा बढ़ गई तो युवती ने अपने मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दे दी। कुछ देर बार लड़की के परिजन शोरूम पर पहुंच गए। सफेद जैकेट पहने एक लड़के ने दुकान में घुसते ही काउंटर पर बैठे शोरूम मालिक को चांटा जड़ दिया। इसके बाद दुकान में मौजूद दो लड़कों ने भागकर युवक को पकड़ा और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। कुछ देर तक लड़की के परिजन और शोरूम के मालिक व स्टाफ के बीच सड़क पर ही जमकर मारपीट होती रही। इस दौरान युवती भी मौजूद रही।

शोरूम स्टाफ की ओर से बताया गया कि लड़की कई बार ड्रेस को चेंज करा चुकी थी। हर बार वह ड्रेस में नुक्स निकाल कर लौटा रही थी। इसलिए उसे मना किया था। लेकिन उसने परिजनों को बुलाकर शोरूम में हंगामा कर दिया। आरोपियों के खिलाफ दुकान संचालक शाहरुख ने इकबाल खिलजी, कयूम खिलजी समेत 10-15 लोगों के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट करने और तोड़फोड़ करने का मामला सरदारपुरा थाने में शनिवार को दर्ज कराया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर छाया रहा। उधर युवती ने मन्नत कलेक्शन नाम के शोरूम चलाने वाले सलमान और शाहरुख के खिलाफ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मामले को लेकर सरदारपुरा थाना अधिकारी सोमकरन ने बताया कपड़े सिलाई की बात को लेकर विवाद हुआ था, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट, छीना-झपटी और छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया है। इसकी जांच की जा रही है।

## फर्जी दस्तावेज का मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** फतह स्कूल के दो व्याख्याताओं व वरिष्ठ सहायक के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार करने का सूरजपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया।

पीड़ित सत्यनारायण मार्ग अमल का कांटा हॉल फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य चेतन पानेरी पुत्र ओमप्रकाश पानेरी ने विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता संस्कृत पिंकी सालवी, व्याख्याता रसायन विज्ञान महेन्द्र नागदा तथा वरिष्ट सहायक अश्विनी पालीवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें प्रधानाचार्य ने बताया कि पिंकी को 17 जनवरी 2023 को विद्यालय तालाबंदी एवं प्रधानाचार्य से दुर्व्यवहार करने पर 20 जनवरी को कार्य मुक्त कर दिया था। इस पर पिंकी ने आरोपियों के साथ मिल कर शाला दर्पण पर कार्यादेश मेरे हस्ताक्षर से 25 जनवरी 2023 कूटरचित आदेश जारी कर कार्यगृहण कर लिया। जबकि मैने आदेश कभी जारी नहीं किया। महेन्द्र नागदा ने संस्था प्रभारी अरूण दोशी को आदेश प्रस्तुत कर कार्यग्रहण करने के लिए दबाव डालने के लिए पिंकी ने हस्ताक्षर करने के लिए मेरे पास प्रस्तुत किया।

## जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** शादी समारोह के दौरान रिसोर्ट से अज्ञात चोर नकदी व जेवरात से भरा पर्स चुरा ले गया।

पीड़ित सुन्दर कॉलोनी भीलवाडा रोड़ काकरोली निवासी अश्विन कोठारी पुत्र संजय कोठारी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरी शादी होने से 26 जनवरी को रिसोर्ट में समारोह का आयोजन था। इस दौरान मेरी मां ने अपना पर्स रखा था। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। जिसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## फर्जी कंपनी रजिस्टर्ड कराई

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़ित के घर के पते पर रजिस्टर्ड कंपनी होने का कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एनबी नगर धाउजी की बावडी प्रताप नगर निवासी मोहनलाल पुत्र उकारलाल मेघवाल ने आरोपी भटेवर रोड़ मोडी वल्लभ नगर निवासी सुरेश चन्द्र मेघवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि अगस्त 2022 में सनस्टार पैकर्स एण्ड मूवर्स के नाम से कंपनी का रजिस्ट्रेशन करवाया। जिस पर मेरे मकान का पता अंकित था। गत दिनों घर पर ऑटों से माल आने पर मिले दस्तावेज पर पता अंकित होने की जानकारी मिली। इस पर ऑनलाईन सर्च किया तो आरोपी के मोबाईल नंबर कंपनी के रजिस्ट्रेशन पर दर्ज होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## घर से दुल्हन के जेवर चोरी, एक गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** परिवार भवन में शादी समारोह कर रहा था और पीछे दुल्हन के लिए खरीदे गए सोने-चांदी के जेवर पर चार जनों ने मिलकर हाथ साफ किया। पुलिस की तत्परता का परिणाम है कि महज कुछ घंटों में ही चोरों को दबोच लिया और चोरी हुए जेवरात भी जब्त कर लिए।

- चोरी करने के मामले में तीन नाबालिग भी शामिल थे, जिन्हें निरूद्ध किया गया है

इस चोरी में तीन नाबालिग शामिल थे, जिन्हें निरूद्ध किया गया है जबकि एक युवक को गिरफ्तार किया है। बीकानेर में श्रीरामसर के पास ही रहने वाले उमाशंकर हर्ष के बेटे की शादी हर्षोलाव तालाब पर स्थित अमरेश्वर भवन में थी। पूरा परिवार विवाह समारोह में इसी भवन में व्यस्त था। इस बीच दुल्हन के लिए सोने-चांदी के जेवरात घर पर रखे हुए थे। विवाह के बाद दुल्हन को बरी देने के लिए जेवर लेने घर पहुंचे तो पता चला कि सब कुछ चोरी हो गया है। सामान बिखरा हुआ था और घर का ताला टूटा हुआ था।

उमाशंकर ने जैसे-तैसे पहले विवाह निपटाया और फिर पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर एफआईआर दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू हुई। उमाशंकर के घर के ठीक सामने एक घर पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था, जिसमें चार जने उमाशंकर के घर में जाते हुए कैद हुए। पुलिस ने इन चारों की पड़ताल शुरू की। पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी में शामिल होना स्वीकार कर लिया।

इतना ही नहीं चोरी गया सामान भी उनके कब्जे से बरामद हो गया। दरअसल रात 11 बजे से सुबह तीन बजे के बीच घर पर ताला था। ऐसे में स्पष्ट हो गया कि इसी बीच में चोरी हुई है। पुलिस ने इसी समय के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें चोरी का पता चल गया। इसमें तीन नाबालिग लड़के शामिल थे। इसके अलावा एक युवक भी था। 3 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया।

आरोपी रामदयाल पुत्र श्री सांवर लाल जाति बिश्नोई उम्र 18 साल 6 माह निवासी भाटों का बास पुलिस थाना नयाशहर जिला बीकानेर को गिरफ्तार कर चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात व नगदी बरामद किये गये हैं।

मुरलीधर व्यास कॉलोनी व आसपास रहने वाले तीन नाबालिग बच्चों को भी निरूद्ध करवाया गया है। चारों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद कर लिया। गंगाशहर थानाधिकारी नवनीत सिंह धारीवाल की विशेष भूमिका रही।

# 811वां सालाना उर्स परवान पर, ख्वाजा साहब की दरगाह में पेश हुई बसंत

## छह दिवसीय उर्स के अवसर पर ख्वाजा साहब की महाना छठी व कुल की रस्म आज

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का 811वां सालाना उर्स की रौनक पूरे परवान पर चढ़ चुकी है। शनिवार को सूफी परंपरा के अनुसार ख्वाजा साहब की दरगाह पर वसंत पेश की गई।

दरगाह के परिधि इलाकों में जायरीन के जत्थे जियारत के लिए आ रहे हैं। दरगाह परिसर में दरगाह दीवान जैनुअल ओबेदीन की सदारत में उर्स की महफिल और धार्मिक रस्मों अदा की जा रही है। छह दिवसीय उर्स के अवसर पर ख्वाजा साहब की महाना छठी व कुल की रस्म रविवार संपन्न होगी। दरगाह परिसर को गुलाब जल से धोया जाएगा। उर्स के मौके पर आम जायरीन के लिए खोला गया जन्नती दरवाज भी बंद कर दिया जाएगा और आस्ताने की खिदमत का समय भी सामान्य दिनों की भांति कर दिया जाएगा। कुल की रस्म के साथ ही जायरीन के लौटने सिलसिला शुरू होगा।

इस्लामिक कैलेंडर की चांद की 5 तारीख को ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर बसंत परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा के अनुरूप शनिवार को शाही कव्वाल व साथी हजरत अमीर खुसरो और हजरत नियाज के लिखे बसंत गीतों आज वसंत मना ले सुहागिन... नाजो अदा से झूमना ख्वाजा की चौखट चूमना, देखो नियाज़ इस ढंग से क्या रंग लाती है बसंत, ख्वाजा मोइनुद्दीन के घर आज आती है बसंत जैसे कलाम और मनकबत को रागे बंसत में गाते हुए ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचे। यहां दरगाह के निजाम गेट से दरगाह दीवान के साहबजादे सैयद नसीरउद्दीन चिश्ती की अगुवाई में शाही कव्वाल सरसों और गुलाब के खूबसूरत फूलों से सजे बसंत के गुलदस्तों को खानकाही अंदाज में ख्वाजा साहब की मजार शरीफ पर पेश कर रस्म अदा की गई। इस अवसर पर दरगाह कमेटी की ओर से बसंत में विभिन्न लोग भी शामिल हुए।



ख्वाजा साहब की दरगाह में बसंत पेश करते हुए शाही कव्वाल व प्रतिनिधि सदस्य।

- शाही कव्वाल कलाम और मनकबत को रागे बसंत में गाते पहुंचे दरगाह

दरगाह के शाही कव्वाल ने बताया कि चिश्तिया खानकाहों में वसंत पेश करने की रस्म हजरत अमीर खुसरो से शुरू हुई। अमीर खुसरो और हजरत नियाज बे नियाज के लिखे हुए कलाम शाही कव्वाल पेश करते हैं। शाही कव्वाल ने बताया कि सबसे पहले ख्वाजा के दर पर बसंत पेश करने की परंपरा है, उसके बाद कुतुबसाहब पर फिर चिल्ले पर और सलारगाजी पर बसंत पेश की जाती है। बसंत पेश किए जाने के दौरान दरगाह दीवान के साहबजादे सैयद नसीरउद्दीन चिश्ती सहित खुदामें ख्वाजा बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

ख्वाजा साहब का 811वें सालाना उर्स पूरे परवान पर है, दरगाह के परिधि इलाकों में जायरीन के जत्थे जियारत के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं दरगाह परिसर में दरगाह दीवान जैनुअल ओबेदीन की सदारत में उर्स की महफिल और धार्मिक रस्में निभाई जा रही है। देश के विभिन्न राज्यों से आई कव्वालों की पार्टियां ख्वाजा साहब की शान में सूफियाना कलाम पेश कर रहे हैं। जायरीन दरगाह में मन्नत का धागा बांध कर मान्नतें मांग रहे तो वहीं जन्नती दरवाजे से गुजरने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ लगी गई है।

दरगाह के महफिल खाने में 811वें सालाना उर्स की पांचवीं महफिल समां का समापन कर ख्वाजा साहब की मजार पर आखिरी गुस्ल की रस्म अदा की गई। रविवार को गुलाब जल से दरगाह की धुलाई की जाएगी। उर्स के मौके पर छह दिन पूर्व आम जायरीन के लिए खोला गया जन्नती दरवाजा भी रविवार सुबह बंद कर दिया जाएगा और आस्ताने की खिदमत का समय सामान्य दिनों की भांति कर दिया जाएगा। दोपहर 3 बजे ख्वाजा साहब की मजार की खिदमत की जाएगी। ख्वाजा साहब के सालाना उर्स के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी महफिल खाना, दरगाह शरीफ में आज रात्रि 10 बजे ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।